राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–221/2023

देहदान एवं अंगदान के प्रति लोगों को जागरूक करें –राज्यपाल

पटना, 13 अगस्त 2023 :– महामहिम राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने प्रथम भारतीय अंगदान दिवस एवं नवम अन्तर्राष्ट्रीय अंगदान दिवस के अवसर पर विद्यापति भवन, पटना में दधीचि देहदान समिति, बिहार द्वारा आयोजित सम्मान व संकल्प समारोह तथा चतुर्थ राज्यस्तरीय सम्मेलन का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि अंगदान एवं देहदान की परम्परा हमारी संस्कृति में अत्यन्त प्राचीनकाल से ही है तथा दधीचि और शिवि जैसे महापुरूष इसके उदाहरण रहे हैं। हमें अंगदान एवं देहदान के बारे में लोगों को जागरूक करना चाहिए।

राज्यपाल ने दधीचि देहदान समिति, बिहार के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इसका कार्य पूरे समाज के लिए है तथा इसने हमारे समक्ष एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। हम सबकी यह व्यक्तिगत जिम्मेदारी है कि ऐसे कार्यों में अपना सहयोग दें।

कार्यक्रम को सिक्किम के पूर्व राज्यपाल एवं दधीचि देहदान समिति के अध्यक्ष श्री गंगा प्रसाद, समिति के मुख्य संरक्षक एवं माननीय सांसद श्री सुशील कुमार मोदी, डोनेट लाइफ के संस्थापक श्री नीलेश मंडेलवाला, सोटो के चेयरमेन डॉ० मनीष मंडल, रूबन मेमोरियल अस्पताल के डॉ० सत्यजीत सिन्हा आदि ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर समिति के महासचिव पद्मश्री श्री बिमल जैन व उपाध्यक्ष डॉ० सुभाष प्रसाद, समाजसेवी श्री नीरव मंडेलवाला, डॉ० ओम कुमार, डॉ० अवनीश कुमार, नालंदा मेडिकल कॉलेज के डॉ० प्रदीप कारक, दरभंगा मेडिकल कॉलेज के डॉ० आसिफ शाहनवाज, डॉ० सुधीर कुमार, डॉ० सचिन, डॉ० अभिषेक एवं अन्य मेडिकल कॉलेजों के चिकित्सकगण तथा अन्य लोग उपस्थित थे।

....